Seventeenth Loksabha

an>

Title: Demand to construct road underpasses in Chittorgarh Parliamentary Constituency.

श्री सी.पी. जोशी (चित्तौड़गढ़) : अध्यक्ष महोदय, धन्यवाद । मैं चित्तौड़गढ़ क्षेत्र के लिए सबसे पहले सरकार को भी धन्यवाद देता हूं, क्योंकि हम सबके आग्रह पर वहां फोर लेन से सिक्स लेन बनाने का सरकार ने निर्णय किया और आज वह लगभग बनकर तैयार है । हमारे आग्रह पर कई जगहों पर जितने सीयूपी, वीयूपी सैंक्शण्ड थे और अण्डरपास सैंक्शण्ड थे, उनसे कई गुना ज्यादा सरकार ने बनाने का काम किया है । कई क्षेत्र ऐसे हैं, जिनमें चाहे घणोली हो, वाना हो, पालखेड़ी हो, भेरू खेड़ा हो, गंगरार हो, इनमें जो बड़े कस्बे हैं, वहां के लोगों के रोड क्रॉस करने में कई एक्सीडेंट्स होते हैं । किसानों को अपने मवेशियों को ले जाने और क्रॉस कराने के लिए कई प्रकार की समस्याएं आती हैं । इसके साथ ही किसानों को अपनी फसल को खेत से घर तक ले जाने में समस्या आती है ।

मेरा आपके माध्यम से सरकार से आग्रह है कि यहां पर अण्डरपास बने, ताकि जो ब्लैक स्पॉट है, जो एक्सीडेंटल जगह है, वह भी समाप्त हो और किसान को अपनी फसल ले जाने में भी आसानी रहे । माननीय अध्यक्ष महोदय, मुझे आपने बोलने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आभार प्रकट करता हूं । धन्यवाद ।